Staff of Eastern River Circle in Orissa

6701.SHRI BHAGWAN MAJHI: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) the number of signal staff of Eastern River Circle working in the State of Orissa;

(b) how many of them are working in temporary basis and since when;

(c) whether the temporary staffs have been demanding permanent status;

(d) if so, the steps taken by the Central Water Commission to examine their cases and make them permanent; and

(e) the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCE (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU):

(a) No such signal staff is employed either in the Eastern Rivers Circle in Orissa or anywhere else in Central Water Commission.

(b) to (e) Do not arise.

सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण

6702. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च, 1995 के दौरान देश में बड़ी संख्या में सिंचाई परियोजनाएं निर्माणाधीन थी ;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी थी तथा इनमें से बड़ी, मझौली और छोटी परियोजनाओं का अलग-अलग ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन में से अधिकांश परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं ;

(घ) यदि हां, तो ऐसी परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनमें से बड़ी, मझौली और छोटी परियोजनाओं की पृथक-पृथक संख्या क्या है ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि इन परियोजनाओं के निर्माण में पांच वर्ष से भी अधिक का विलम्ब हो रहा है ;

(च) यदि हां, तो उन परियोजनाओं की संख्या कितनी है और इनके निर्माण में हो रहे विलम्ब को देखते हुए विदेशी पूंजी निवेश की सहायता से इन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए कोई प्रयास किए गए हैं ; और

(छ) यदि हां, तो वर्ष 1992-93 से वर्ष 1994-95 तक इन परियोजनाओं के निर्माण में कुल कितनी विदेशी पूंजी का निवश किया गया ?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां।

(ख) मार्च, 1995 को 169 वृहद, 277 मध्यम और 131 विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण सिंचाई परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं । लघु सिंचाई योजनाओं का ब्यौरा केन्द्र में नहीं रखा जाता है ।

(ग) और (घ) अनुमोदित परियोजनाओं को पूरा करने की अनुसूची की जानकारी है । उपर्युक्त चालू परियोजनाओं में से, 103 वृहद, 171 मध्यम और 21 विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण परियोजनाओं को योजना आयोग द्वारा निवेश स्वीकृति प्रदान की गई है । इनमें से, 90 वृहद, 166 मध्यम और 21 विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण परियोजनाएं निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं ।

(ङ) से (छ) निर्धारित समय से पीछे चल रही परियोजनाओं में से 89 वृहद, 152 मध्यम और 18 विस्तार/नवीकरण/आधुनिकीकरण परियोजनाएं 5 वर्ष से अधिक समय से नियंत्रित हैं । राज्य सरकारों के संसाधनों को बढ़ाने के लिए विदेश सहायता का प्रबन्ध महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए किया गया है न कि विशिष्ट रूप से निर्धारित समय से पीछे चल रही परियोजनाओं के लिए वर्ष 1992-93 से 1994-95 तक की अवधि के दौरान तेरह ऋणधाराओं के अन्तर्गत 359.45 मिलियन जापानी अमेरिकी डालर तथा 1412.53 मिलियन जापानी येन की विदेश सहायता प्राप्त हुई हैं ।